ब्रिटिश कंपनी की 16000 करोड़ के ग्रीन हाइड्रोजन कॉरिडोर की पेशकश

अमर उजाला ब्यूरो

मांगी 2500 एकड़ जमीन, तत्काल 500 करोड़ रुपये करेगी निवेश

लखनऊ। प्रदेश को ग्रीन हाइड्रोजन कॉरिडोर का एक प्रस्ताव मिला है। यूके की एचएलसी लाइफकेयर टेक्नॉलोजी ने सरकार को 16000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का यह प्रस्ताव दिया है। पहले चरण में तत्काल 500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसपर अमल से 1800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल सकेगा। शासन ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ को निवेशक को सहयोग के लिए निर्देशित किया है।

इस कंपनी ने यूपी में पवन व सौर ऊर्जा आधारित 1500 मेगावाट का पॉवर प्लांट व 300 मेगावाट का इलेक्ट्रोलाइजर लगाने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। कंपनी 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 16 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके लिए ऐसे स्थान पर 2500 एकड़ जमीन की मांग की गई है, जहां पानी की उपलब्धता हो। कंपनी ने दो वर्षों में प्रोजेक्ट के पहले चरण को चालू करने का लक्ष्य तय किया है और बुंदेलखंड में जमीन को प्राथमिकता दी है। शर्मा सहारनपुर से हैं।

निवेशकों के लिए पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है। निवेशक को निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्ताव अपलोड करना चाहिए। इसके तत्काल बाद संबंधित विभाग निवेशक से संपर्क करेगा। निवेशक मुझसे सीधे भी मुलाकात कर सकता है।

- अभिषेक प्रकाश, सीईओ इन्वेस्ट यूपी